कुल्लू में दलाश स्थल पर एल०पी०टी०/ वी०एल०पी०टी० की स्थापना करना

6098. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री 28 मार्च, 1995 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 2331 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दलाश में प्रस्तावित टी०वी० ट्रांसमीटर की स्थापना हेतु राज्य सरकार द्वारा जो स्थल उपलब्ध करवाया गया था, उसे किन कारणों से उचित नहीं पाया गया है ;

(ख) दयार में प्रस्तावित अल्प शक्ति ट्रांसमीटर की रेंज क्या होगी तथा इसके दायरे में कितना क्षेत्र आयेगा ;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दयार और दलाश के बीच जलोड़ी तथा बशलेयो नामक दो पर्वत क्रमशः दस हजार और पन्द्रह हजार फुट की ऊंचाई वाले हैं ; और

(घ) यदि हां, तो क्या ये पर्वत दयार से इस क्षेत्र को टी०वी० ट्रांसमीटर के दायरे में लाने में बाधक साबित नहीं होंगे ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) चूंकि दलाश में निर्मित्त भवन उपलब्ध नहीं हैं और किसी निर्दिष्ट स्थल पर भवन निर्माण में समय लगता है और यह एक खर्चीली प्रक्रिया है, इसलिए दलाश हेतु प्रस्तावित अति अल्प शक्ति टी०वी० ट्रांसमीटर (अ०अ०श०ट्रां०) को थाणेदार में स्थानांतरित करने का निणय लिया गया जहां दूर संचार विभाग (डी० ओ०टी०) द्वारा उपयुक्त आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवायी गयी थीं ।

(ख) दयार स्थित अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर से लगभग 8 कि० मी० रेडियस के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में टी०वी० सेवा उपलब्ध होने की आशा है बशर्ते दृश्य,पद्धति उपलब्ध हो ।

(ग) और (घ) पहाड़ी भू-भाग यहां तक कि विभिन्न प्रकार के टी०वी० ट्रांसमीटरों के लिए निर्धारित कवरेज रेडियस मे भी टी०वी० सिग्नलों का प्रसारण स्पष्ट दृश्य पद्धति पर निर्भर करता है । अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर दयार द्वारा बीच की अत्यधिक दूरी के कारण दलाश के लिए टी.वी. सेवा उपलब्ध होने की आशा नहीं हैं । तथापि थाणेदार स्थित अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर के चालू हो जाने से दलाश में टी० वी० सेवा प्राप्त होने की आशा है जो भू-भागीय अवस्थाओं के अधीन है ।

Time to political parties on Doordarshan

6099. SHRI MOHAMMED AFZAL alias MEEM AFZAL: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state the time allotted to the political parties for telecast by Delhi Doordarshan during the period 1993-94 and 1994-95 with the names of parties and the time allotted?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): During this period Doordarshan Kendra, Delhi allotted 15 minutes each to the following political parties in October-November, 1993 under the Scheme of broadcast over Akashvani and Doordarshan by recognised political parties during elections to the Lok Sabha/State Assemblies:

1. Janata Dal
2. Indian National Congress
3. Janata Party
4. Bharatiya Janata Party
5. Communist Party of India (M)
6. Communist Party of India.

Outbreak of Jaundice

6100. PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state: